卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 273 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦10 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR
SALE, PURCHASE
RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## पहाड़ों पर आफत की बारिश

### पुल और सड़कों को भारी नुकसान, कई गांवों से संपर्क कटा

देहरादून (उद संवाददाता)। देर रात हुई मूसलाधार बारिश के कारण उत्तरकाशी में हर्षिल और बगोरी गांव के बीच में बहने वाली जालंधरी नदी उफान पर आ गई। जिससे हर्षिल–क्यारकुटी ट्रैक को जोड़ने वाला पुल बह गया। वहीं यमुना नदी का रुख यमुना मंदिर परिसर की ओर बढ़ने से पुरोहित समाज चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना कि अगर नदियों का जलस्तर ऐसे ही बढ़ता रहा तो सेब के बागीचों सहित पर्यटन विभाग के हट्स को बड़ा नुकसान हो सकता है। उत्तराखंड के अधिकांश जिलों में सोमवार को भी कहीं–कहीं भारी बारिश के आसार हैं।



मौसम विभाग ने 10 से 12 जुलाई तक प्रदेशभर के सभी जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के अधिकांश इलाकों में बारिश की तेज बौछार के साथ बिजली चमकने और तेज गर्जन की आशंका है। मौसम विभाग ने हिदायत देते हुए बारिश के दौरान पक्के घरों में रहने को कहा है। खुले स्थान पर मवेशियों और वाहनों को रखने से बचने की सलाह दी है। (शेष पृष्ठ सात पर)

## पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से पुलिसकर्मी की मौत

उत्तरकाशी (उद ब्यूरो)।राज्य में लगातार हो रही बारिश के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन हो रहे है। यहां यमुनोत्री रोड पर ओजरी डाबरकोट डेंजर जॉन पर यात्रियों की सुरक्षा में तैनात एक पुलिस हेड कांस्टेबल चमन सिंह तोमर की अचानक पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक हेड कांस्टेबल का नाम 47 वर्षीय चमन तोमर देहरादून जौनसार के रहने वाले थे। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुंवर ने बताया कि बरसात में डाबर कोट के पास आए दिन पहाड़ी से पत्थर गिरने का भय बना रहता है इसीलिए वहां पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई जाती है। चमन तोमर को भी इसी स्थान पर लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से तैनात किया गया था। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि वाहनों को पास करवाते समय पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से सिपाही की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जवान को अपताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत (शेष पृष्ठ सात पर)

## बाइक की टक्कर से भाजपा नेत्री की मौत

### बाजार से घर लौटते वक्त बाइक ने मारी टक्कर

रामनगर/काशीपुर(उद संवाददाता)। भाजपा की पूर्व महिला ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नंदी रावत का एक सड़क हादसे में निधन हो गया। वह बाजार आई थी और टेंपो में बैठकर वापस अपने घर ढिकुली जा रही थी इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। अस्पताल ले जाने के बाद जब डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए तो उसे हर सेंटर ले जाया गया जहां काशीपुर में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी।जानकारी के मुताबिक ढिकुली निवासी 45 वर्षीय नंदी रावत पत्नी गोविंद सिंह रावत रविवार की देर शाम टेंपो से उतारकर अपने घर की तरफ जा रही थी। इस बीच किसी मोटरसाईकिल ने उन्हें



जोरदार टक्कर मार दी। वहां मौजूद लोग उन्हें गम्भीर हालत में स्थानीय अस्पताल ले गये। जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर काशीपुर रेफर कर दिया गया। काशीपुर के निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान उन्होंने सोमवार तड़के चार बजे दम तोड़ दिया। इधर घटन के बाद से मृतका के घर में कोहराम मचा हुआ है। उनके दो पुत्र कुंदन रावत और कमल रावत हैं दोनों अभी अविविवाहित हैं। पुलिस ने मोटरसाईकिल चालक को हिरातस में ले लिया है। ज्ञात रहे कि मृतका नंदी रावत भाजपा ग्रामीण मंडल महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष रही हैं। उनके निधन पर स्थानीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र रावत, प्रवक्ता नरेंद्र शर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष भागीरथ लाल चौधरी, जगमोहन बिष्ट, पूरन नैनवाल, नीमा मठपाल सहित अनेक भाजपाईयों ने गहरा दु:ख प्रकट किया है।

## अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से कांवरिया की मौत, दूसरा घायल

### कुंडा थाना क्षेत्र में देर रात हुआ दर्दनाक हादसा, मचा कोहराम

काशीपुर(उद संवाददाता)। देर रात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक कांवरिये की मौत हो गयी। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार रूद्रपुर निवासी 22 वर्षीय बादल पुत्र राजू और उसका भाई पंकज अपने दोस्त शिवम पुत्र दलीप दास व प्रवेश कोहली पुत्र बृजलाल के साथ बीती रात लगभग 12 बजे दो बाइकों से हरिद्वार गंगाजल लेने के लिए निकले थे। काशीपुर के कुंडा



थाना क्षेत्र स्थित टोल प्लाजा के पास तड़के लगभग 3 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार बादल को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बादल की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसके साथ बैठा बादल का दोस्त शिवम घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल कांवरिये को अस्पताल भर्ती कराया। साथ ही मौके से ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मौके पर कुछ देर तक यातायात भी प्रभावित हुआ। पुलिस ने थोड़ी देर बाद यातायात सुचारू करा दिया। हादसे की सूचना (शेष पृष्ठ सात पर)

## सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर आज नगर एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने पूजा अर्चना के साथ जलाभिषेक किया। प्रात: से ही सभी शिवालय भगवान शिव शंकर के जयघोषों से गुंजायमान हो उठे। शिवालयों में पहुंचे शिव भक्तों ने शिवलिंग पर बेलपत्र, दूध, फल, फूल, धूप, अगर बत्ती आदि पूजा सामग्री के साथ जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। मंदिरों के बाहर पूजा सामग्री बेचने वालों की कई दुकानें सजी हुई थीं। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, श्री शिव मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, श्री बृहस्पति देव मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चामुण्डा मंदिर, सहित ट्रांजिट कैम्प, सिडकुल चौकी परिसर, कोतवाली परिसर, सिडकुल चौक, आवास विकास, इन्द्रा कालोनी, सिंह कालोनी, रम्पुरा, भूतबंगला, पहाडगंज, बंगाली कालोनी, माडल कालोनी, दरिया नगर, घास मंडी, ईश्वर कालोनी, संजय नगर, आदर्श कालोनी, अटरिया रोड़, काशीपुर बाईपास रोड़, जगतपुरा, दूधिया नगर, खेड़ा, शक्ति विहार, पीएसी परिसर, गंगापुर रोड़, निकटवर्ती ग्राम भूरारानी, डिबडिबा, दानपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, छतरपुर, मटकोटा, रामनगर, फुलसुंगा, फुलसुंगी, प्रीत विहार आदि क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने जल अभिषेक किया। इस मौके मंदिरों को फूलमालाओं व रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया है। अनेक मंदिरों में धार्मिक आयोजन किये जा रहे हैं। सुरक्षा के लिए अनेक मंदिरों में पुलिस कर्मी भी तैनात रहे। वहीं पुलिस अधिकारी भी मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।






## सीएम ने की लोगों से सतर्क रहने की अपील

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में भारी बरसात और अतिवृष्टि को देखते हुए उत्तराखंड आ रहे लोगों से बेहद सतर्कता बरतने की अपील की है। इस संबंध में मीडिया और अपने ट्विटर हैंडल पर वीडियो संदेश जारी कर सीएम धामी ने आपदा प्रबंधन विभाग और अन्य लाइन विभागों को भी अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मौसम विभाग ने 13 जुलाई तक रेड अलर्ट जारी किया है। इसको देखते हुए सभी प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन को अलर्ट मोड पर रखा गया है। इस दौरान कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने मोबाइल फोन और संचार के दूसरे साधनों को दुरूस्त रखे। उन्होंने कहा कि पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश के कारण जगह–जगह जलभराव एवं भूस्खलन की स्थिति बनी हुई है। पूरा प्रशासनिक अमला युद्धस्तर पर इससे निपटने (शेष पृष्ठ सात पर)



रस्म पगड़ी



बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिता **श्री श्याम सुंदर खन्ना जी** पुत्र स्व. प्रेमदास खन्ना का स्वर्गवास दिनांक **8-7-2023** को हो गया है। जिनकी रस्म पगड़ी दिनांक **11-7-2023 मंगलवार को दोपहर** 2 **बजे से** 3 **बजे** तक श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर (पांच मंदिर),रूद्रपुर में होगी।

शोकाकुल परिवार

रोहित खन्ना- प्रीति (पुत्र- पुत्र वधू)
अक्श, तुशाली (पौत्र- पौत्री)
एवं समस्त खन्ना एवं वासन परिवार

अंजू–राजेश आनन्द (पुत्री–दामाद)
शालिनी–राजीव खुराना (पुत्री–दामाद)
आकाश, आशिमा (दौत्रा–दौत्री)
निखिल, निकिता (दौत्रा–दौत्री)

फर्म -ऊषा स्टील, रूद्रपुर मो- 9927088109, 7830080999

## मंदिर के पुजारी ने किशोरी से की छेड़छाड़,हंगामा

### आरोपी पुजारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। सावन के पहले सोमवार मंदिर में जल चढ़ाने गई किशोरी से पुजारी ने छेड़छाड़ कर दी, जिसके बाद खूब हंगामा हुआ। पुलिस ने पुजारी को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक चुक्खुवाला स्थित मंदिर में जल चढ़ाने गई किशोरी से मंदिर के ही पुजारी ने छेड़छाड़ कर दी। किशोरी के शोर मचाने पर मंदिर में भीड़ जुट गई। किशोरी के परिवारजन शिकायत लेकर धारा चौकी पहुंचे। सूचना मिलने पर हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और हंगामा किया। पुलिस ने पुजारी नरेंद्र सिंह को हिरासत में ले लिया है। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं रुड़की एक युवती की अश्लील वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित की गई। युवती को जब इसका पता चला तो पुलिस से शिकायत की। युवती का आरोप है कि एडिट कर यह वीडियो बनाई गई है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवती के वीडियो को एडिट किया गया। इसके बाद अश्लील वीडियो बनाकर उसे इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर दिया। युवती की सहेली ने उसका अश्लील वीडियो इंटरनेट पर देखा। इसके बाद उसने इसकी जानकारी युवती को दे दी। जब युवती को इस बात का पता चला तो उसके पांव तले की जमीन खिसक गई। युवती ने छानबीन की तो मामला सही निकला। युवती ने यह बात अपने स्वजन को बताई। जिसके बाद स्वजन ने इस बावत पुलिस से शिकायत की। युवती ने पड़ोस (शेष पृष्ठ 7 पर)

## महिला से बैग लूट के मामले में एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिनों काशीपुर मार्ग पर बाईक सवार महिला से लूट गये बैग में रखे मोबाईल के साथ कोतवाली पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार गत 4 जून को बाईक सवार बदमाशों ने काशीपुर मार्ग पर पति व पुत्र के साथ बाईक पर सवार होकर जा रही महिला के हाथ से उसका बैग छीन लिया था। महिला के पति देव होम्स कालोनी निवासी (शेष पृष्ठ सात पर)

# खिड़की उखाड़कर शक्तिफार्म स्टेट बैंक की शाखा में घुसे चोर

शक्तिफाम(उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने भारतीय स्टेट बैंक के शक्ति फार्म शाखा में भवन की खिड़की तोड़कर बैंक में घुसकर स्ट्रांग रूम के लोहे के दरवाजे का ताला काट डाला। स्ट्रांग रूम के दूसरे दरवाजे का



ताला नहीं तोड़ पाने पर चोर कैश नही ले जा पाए। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू की। रविवार शाम करीब 5 बजे के आसपास कुछ बच्चों को स्टेट बैंक भवन के दीवार की खिड़की उखड़ी हुई दिखी। इसके बाद बच्चों ने बैंक के निकट रहने वाले एक व्यक्ति को इसकी जानकारी दी उन्होंने बैंक कर्मियों को घटना की जानकारी दे दी। जिसके बाद बैंक कर्मी बैंक में पहुंच गए।सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी पुलिसकर्मी के साथ मौके पर पहुंच गए। बैंक के अंदर पहुंचने पर काउंटर के ड्रयर टूटे हुए मिले। अज्ञात चोरों ने अंदर स्ट्रांग रूम में लगे लोहे के दरवाजे के दो तालों को भी काट डाला ।लेकिन स्ट्रांग रूम के दूसरे दरवाजे में लगा ताला नहीं तोड़ पाने के कारण कैश नही ले जा पाए। चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी ने बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज की छानबीन की। पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है पुलिस का अनुमान है की शनिवार देर रात 2 से 3 के बीच हुई मूसलाधार वर्षा के दौरान अज्ञात चोर बैंक की खिड़की तोड़कर बैंक में घुसे। चौकी प्रभारी ने बताया सीसी टीवी में कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। बताया संभवत शनिवार रात को हुई मूसलाधार बारिश व आकाशीय बिजली कड़कने के कारण बिजली चले जाने से सीसीटीवी में कुछ रिकॉर्ड नहीं हो पाया। इससे पहले भी अज्ञात चोर बैंक पर डाका डालने का की कोशिश कर चुके हैं। पिछले साल जनवरी 2022 को भी चोरो ने बैंक के कमजोर हो चुके दिवार और खिड़कियों को तोड़कर अंदर घुसकर स्ट्रांग रूम तोड़ने की कोशिश की थी पर नाकामयाब रहे।

# बेहड़ ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी द्वार और सड़क का किया लोकार्पण

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलकराज बेहड़ ने सोमवार को अपनी विधानसभा के ग्राम राघवनगर में लगभग 8 लाख की लागत से विधायक निधि से निर्मित किये गए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी द्वार तथा सड़क का फीता काटकर लोकार्पण किया। बेहड़ ने कहा कि विधायक निधि तथा अन्य योजनाओं से पूरी विधानसभा में विकास कार्य कराये जा रहे है, प्रथम वर्ष में अपनी विधायक निधि से उन्होंहे अतिमहत्वपूर्ण सडको का निर्माण कराया है जिनकी हालत बहुत खराब थी, अब अगले वर्षो में वे विधानसभा की एक एक सड़क को बनाने हेतु प्रयासरत है उनका पूरा प्रयास है कि क्षेत्र में विकास अधिक से अधिक हो सके। इससे पूर्व समस्त राघवनगर के ग्रामवासियों ने एकत्रित होकर अपने का बड़ी गर्मजोशी से स्वागत किया ,और विधायक बेहड़ का उनको गाँव में सड़क तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी द्वार बनाने के लिए धन्यवाद भी दिया तथा का विधायक तिलक राज बेहड ने ग्रामवासियों के साथ ग्राम राघवनगर तथा आस पास के गाँवों के विकास हेतु सुझाव मांगे तथा विस्तृत चर्चा की द्य बेहड़ ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुना तथा सभी विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने की बात कही।इस दौरान किन्नू





शुक्ला,प्रेम आर्या, अशोक चुग,कर्नल प्रमोद शर्मा ,नरेद्र मणि त्रिपाठी , चन्द्र प्रताप सिंह ,जितेश राय,गौरव बेहड़, संजय राय,नारायण गुड्डू,विनोद कुशवाह ,विजय यादव कुशवाह ,राकेश कुमार ,गुरदास कालड़ा ,रवि कुमार,जगजीवन लाल, बंटी गाबा, शिवाजी सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# रपटे में फंसी हिमाचल प्रदेश से आ रही बस, यात्रियों को बचाया

विकासनगर। हिमाचल प्रदेश से देहरादून आ रही रोडवेज की बस रपटे पर पानी के तेज बहाव में फंस गई। बस में सवार 30 यात्री घबराकर छत पर चढ़ गए और कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। मौके पर पहुंची पुलिस ने यात्रियों को बहाव से निकाला और फिर बस को ट्रैक्टर से बाहर किया। इस दौरान करीब आधे तक यात्री बस की छत पर फंसे रहे। रविवार सुबह से हो रही तेज बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में सभी नदी–नाले भी उफान पर थे। शिमला बाईपास रोड स्थित रामगढ़ गांव के रपटे में भी तड़के से पानी का तेज बहाव था। सभी वाहनों को पुलिस और स्थानीय लोगों ने दोनों तरफ रुकवा दिया था। लेकिन, इसी बीच पांवटा साहिब की ओर से आ रही हिमाचल रोडवेज की बस का चालक जबरन बस को रपटे से होकर ले जाने लगा। अभी आधा रपटा ही पार किया था कि पानी के बहाव ने बस को एक किनारे धकेल दिया। इससे बस वहीं फंस गई। बस फंसते ही अंदर बैठे यात्रियों में चीखपुकार मच गई। इसके बाद



एक–एक कर सभी यात्री खिड़कियों के रास्ते बस की छत पर चढ़ गए। महिलाओं और बच्चों को भी दूसरे यात्रियों ने सहारा दिया। बस चालक और परिचालक दोनों बस के अंदर ही थे। इस बीच यात्री छत से कूदने लगे। कुछ देर बाद वहां नया गांव पुलिस चौकी से प्रभारी जयवीर सिंह फोर्स के साथ पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों की मदद से यात्रियों को बहाव से निकाला। कुछ देर बाद रपटे पर पानी का बहाव भी धीमा हो गया था। इसके बाद गांव से ट्रैक्टर बुलवाकर बस को निकाला गया। एसएचओ पटेलनगर सूर्यभूषण नेगी ने बताया, हादसे में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई है। रामगढ़ में रपटे के बाहर चेतावनी बोर्ड भी लगा दिया है।

# गोपेश्वर पहुंचकर पुरातत्व विभाग की टीम ने किया मंदिर का निरीक्षण

गोपेश्वर। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा मार्ग पर स्थित ऐतिहासिक गोपीनाथ मंदिर की सुरक्षा को लेकर उठे सवालों पर गोपेश्वर पहुंची पुरातत्व विभाग के अधिकारियों की टीम ने मंदिर का बारीकी से निरीक्षण किया। विभागीय अधिकारियों ने माना कि मंदिर के शीर्ष भाग में कुछ पत्थर अपने स्थान से खिसक गए हैं। उन्होंने मंदिर में सुरक्षा के उपाय करने की बात कही। साथ ही कहा कि निकट भविष्य में मंदिर को कोई बड़ा खतरा नहीं है।मंदिर के निरीक्षण के लिए पुरातत्व विभाग की टीम शनिवार देर शाम गोपेश्वर पहुंची और रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे बारिश के दौरान अधीक्षण पुरातत्व मनोज सक्सेना, अधीक्षण अभियंता रामकिशोर मीणा और संरक्षण सहायक आशीष सेमवाल ने मंदिर का निरीक्षण किया। टीम ने मंदिर के ठीक सामने के मंदिर के पत्थरों का अवलोकन किया। हक–हकूकधारियों ने उन्हें मंदिर में आ रहे बदलाव के बारे में बताया। पंडित हरीश भट्ट ने बताया कि गर्भगृह में बारिश होने पर लगातार पानी टपक रहा है। शिवलिंग की जलेरी धंस रही है। साथ ही मंदिर के समीप ही सीवेज लाइन से भी दिक्कतें आ रही हैं। अधीक्षण पुरातत्व मनोज सक्सेना ने कहा कि मंदिर से लेकर परिसर में जो



भी गड़बड़ी दिखाई दी है उन्हें शीघ्र दूर किया जाएगा। जल्द ही एक टीम दोबारा आवश्यक उपकरणों के साथ मंदिर का सर्वे करेगी। मंदिर के गर्भगृह व बाहर ड्रेनेज सिस्टम सुधारा जाएगा। पुरातत्व विभाग के अधिकारियों ने पुजारियों व हक–हकूकधारियों के साथ बात की। हक हकूकधारी हरीश भट्ट, महादेव, डॉ. अरविंद भट्ट, क्रांति भट्ट, उमेश, मनीष नेगी, महेंद्र नेगी, प्रवीण भट्ट आदि ने मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन त्रिशूल और मंदिर व आसपास की दीवारों पर प्राचीन लिपि के संरक्षण की मांग की। उन्होंने कहा कि दुर्लभ लिपि मंदिर व आसपास के पत्थरों पर लिखी गई है, उन्हें लिपि विशेषज्ञों की ओर से पढ़ने की व्यवस्था कराई जाए जिससे पता चल सके कि प्राचीन भाषा में इन पर क्या लिखा गया है।

# पर्वतीय जिलों में 360 डेंजर स्लिप जोन चिहिन्त

## डेंजर स्लिप जोन के नजदीक जेसीबी मशीनों को तैनात करने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में इन दिनों यात्रा करना खतरे से खाली नहीं है। बारिश के दिनों में यात्रा के दौरान भूस्खलन के कारण मार्गों का बंद होना आम बात है। इसके अलावा बरसात में सक्रिय होने वाले स्लिप जोन भी परेशानी का कारण बनते हैं। लोनिवि ने इस बार ऐसे 360 से अधिक डेंजर स्लिप जोन चिह्नित किए हैं, जो बरसात में कभी भी सक्रिय हो सकते हैं। इसके लिए विभाग की ओर से निश्चित दूरी पर जेसीबी के अलावा अन्य मशीनों की व्यवस्था की गई है, ताकि वक्त रहते स्लिप के कारण बंद हुए मार्गों को खोला जा सके। मानसून सत्र के दौरान प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में कब कौन सी सड़क पर पहाड़ से गिरकर मलबा और बोल्डर आ जाएं, कहा नहीं जा सकता है।इसके अलावा बरसाती नाले भी सक्रिय हो जाते हैं, इन्हीं के साथ भारी मात्रा में स्लिप आता है, जो मार्गों के बंद होने का कारण बनता है। प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में ग्रामीण सड़कों के अलावा, मुख्य जिला मार्गों, स्टेट हाईवे और नेशनल हाईवे पर डेंजर स्लिप जोन सक्रिय हैं। लोनिवि की ओर से प्रदेश में सक्रिय डेंजर स्लिप जोन का निर्माण खंड के हिसाब से वर्गीकरण किया गया है। इनमें अल्मोड़ा में रानीखेत खंड, बागेश्वर में कपकोट, नैनीताल में रामनगर और भवाली, पिथौरागढ़ में डीडीहाट और अस्कोट, उत्तरकाशी में भटवाड़ी, चिन्यालीसौड़ और बडकोट, चमोली में गोपेश्वर, कर्णप्रयाग, गैरसैंण, थराली और पोखरी, रुद्रप्रयाग में ऊखीमठ, टिहरी में नरेंद्रनगर, घनसाली, थत्यूड़ और नई टिहरी, देहरादून में साहिया, चकराता, ऋषिकेश और डोईवाला, पौड़ी में लैंसडौन, दुग्गडा, बेजरो, पाबौ और श्रीनगर, हरिद्वार में रुड़की और लक्सर निर्माण खंड शामिल हैं। शासन की ओर से इस बार चिह्नित डेंजर स्लिप जोन के नजदीक जेसीबी मशीनों को तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। लोनिवि के अधिकारियों की मानें तो सभी संवेदनशील स्थानों पर मैनपावर के साथ मशीनों की तैनाती की गई है, ताकि कम से कम समय में बंद हुई सड़कों को खोला जा सके।



# भूस्खलन और मलवा आने से प्रदेश में 241 सड़कें बंद

देहरादून। उत्तराखंड के अधिकांश जिलों में सोमवार को भी कहीं–कहीं भारी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने 10 से 12 जुलाई तक प्रदेशभर के सभी जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के अधिकांश इलाकों में बारिश की तेज बौछार के साथ बिजली चमकने और तेज गर्जन की आशंका है। मौसम विभाग ने हिदायत देते हुए बारिश के दौरान पक्के घरों में रहने को कहा है। खुले स्थान पर मवेशियों और वाहनों को रखने से बचने की सलाह दी है। प्रदेश में भारी बारिश पर्वतीय क्षेत्रों की सड़कों पर भारी पड़ रही है। बीते 24 घंटे में ही भूस्खलन और स्लिप आने से 241 सड़कें बंद हुई हैं। इनमें से 160 सड़कें एक दिन पहले से बंद थीं, जबकि 81 सड़कें रविवार को बंद हुईं। रविवार देर शाम तक 70 सड़कों को खोला जा सका था, जबकि 171 सड़कें अवरुद्ध रहीं। प्रदेश में भारी बारिश की सबसे अधिक ग्रामीण सड़कों पर पड़ी है। कई गांव जिला मुख्यालय से कट गए हैं। प्रमुख अभियंता लोनिवि दीपक यादव ने बताया कि बारिश के चलते बाधित हुई सड़कों को सुचारु करने के लिए 166 जेसीबी, पोकलेन, चेन डोजर आदि मशीनों को लगाया गया है। बंद सड़कों में 16 स्टेट हाईवे, सात मुख्य जिला मार्ग, चार अन्य जिला मार्ग, 80 ग्रामीण सड़कें और 64 पीएमजीएसवाई की सड़कें शामिल हैं।

# हाईवे पर गिरा पेड़,बाल-बाल बचे बस में सवार यात्री

केलाखेड़ा(उद संवाददाता)। नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित दशकों पुराना पाखड का पेड गिर गया हालांकि उसी समय राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजर रही रोडवेज बस पेड की चपेट में आने से बाल-बाल बची। पेड के गिरने से राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित हो गया। साथ ही साथ नगर की विद्युत आपूर्ति भी घंटो बाधित हो गई। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पेड का कटान करा विद्युत विभाग के साथ मिलकर विद्युत आपूर्ति को सुचारू कराया। वहीं दुकानें भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई प्रशासन की ओर से पहुंचे लेखपाल ने भी नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट शासन को भेजने की बात कही। जानकारी के अनुसार केलाखेडा में राष्ट्रीय राजमार्ग मेन बाजार में दशकों से स्थित पाखड़ का पेड लगातार हो रही बरसात के कारण जड से उखड़ गया तथा उखडने के साथ रोड के उस पार बनी दुकानों पर जाकर टिक गया जिसके चलते दुकानें भी क्षतिग्रस्त हो गई उसी समय वहां से रूद्रपुर की ओर से काशीपुर





## जाको राखै साईयां मार सके ना कोय

## केलाखेड़ा का यात्री प्रतिक्षालय था पाखड़ का विशालकाय वृक्ष

केलाखेड़ा। जाको राखे साईयां मार सके ना कोय की कहावत उस वक्त चरितार्थ हो गई जब लगातार हो रही वर्षा से विशालकाय पाखड का वृक्ष भरभराकर गिर रहा था उसी समय राष्ट्रीय राजमार्ग पर काशीपुर की ओर जाने वाली रोडवेज बस भी वहा से गुजर रही थी। मात्र कुछ सैकंड भर के समय ने चालक ने सड़क पर खडे लोगो के शोर मचाने पर जबरदस्त ब्रेक लगाकर बस को रोक दिया यदि बस नही रूकती तो बड़ी जनहानि हो सकती थी। नगर के मेन बाजार में दशको पुराना पाखड़ का वृक्ष यात्रियों के लिए प्रतिक्षालय का काम भी करता था चूंकि नगर में आवाजाही के लिए यही एक स्थान था जहां लोग तपती धूप से राहत पाने के लिए बैठ जाते थे तथा आवाजाही के लिए भी यही एक स्थल था जहां पर यात्री खड़े होकर बसों का इंतजार करते थे।

की ओर जा रही रोडवेज बस भी मात्र चंद सैकेंडो के खेल में वृक्ष की चपेट में आने से बच गई। पेड़ के गिरने से नगर की विद्युत आपुर्ति घंटों तक बाधित हो गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची तथा स्थानीय लोगों के सहयोग से विशालकाय वृक्ष का कटान कर मार्ग की आवाजाही सुचारू करने में जुट गई। दूसरी ओर विद्युत विभाग के जेई भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा वन विभाग की टीम के साथ मिलकर विद्युत आपुर्ति को सुचारू कराया।

# साइकिलिस्ट आशा मालवीय ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में रविवार को साइकिलिस्ट आशा मालवीय ने भेंट की। राज्यपाल ने महिला सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा के उद्देश्य से आशा मालवीय द्वारा साइकिल यात्रा के माध्यम से जागरूकता फैलाये जाने के अनूठे प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि वह समस्त युवा बेटियों और महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। अपनी साइकिल यात्रा से उनके द्वारा पूरे देश में एकता का भी एक संदेश प्रसारित किया जा रहा है जो सराहनीय है। राज्यपाल ने आशा मालवीय को शुभकामना देते हुए



उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आशा मालवीय मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले की हैं और वह महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से देशभर में साइकिल यात्रा के माध्यम से जागरूकता का कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा यात्रा की शुरूआत 01 नवम्बर 2022 से मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से की गई और यह यात्रा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में सम्पन्न की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान भारत के 28 राज्यों में कुल 25 हजार कि.मी. की यात्रा तय की जायेगी। इस यात्रा के दौरान उनके द्वारा अभी तक 24 राज्यों में 19700 कि.मी. की दूरी तय की जा चुकी है।

# बंगाली महासभा की कमेटी का गठन,विश्वजीत बने अध्यक्ष

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म में आयोजित बंगाली महासभा की बैठक में बंगाली समाज के उत्थान के लिए समाज को एकजुट होने का आह्वान किया गया। युवाओं में नशे की बढ़ रही प्रवृत्ति पर गहरी चिन्ता जताते हुए नशे के खिलाफ समाज को आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कमेटी का गठन किया गया जिसमें विश्वजीत हालदार अध्यक्ष एवं रवि मजूमदार को महामंत्री मनोनीत किया गया। टैगोर नगर रोड मे भाजपा नेता विश्वजीत हालदार के कार्यालय मे रविवार को बंगाली महासभा की बैठक मे प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार शाह ने कहा कि बंगाली समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए केन्द्र सरकार से तथा ओबीसी में शामिल करने के लिए राज्य सरकार से मांग की गई है। इसके लिए महासभा पुरजोर तरीके से प्रायसरत है। कहा बंगाली बाहुल्य क्षेत्र के विद्यालयों में बांग्ला भाषा शुरू कराने के लिए महासभा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिले हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने बंगाली समाज के उत्थान व उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए आगे आने वाले सभी बंगाली संगठनों के प्रायस को भी सराहा। वक्ताओं ने हालदार अध्यक्ष ,रवि मजूमदार महामंत्री, विश्वजीत विश्वास वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राकेश मंडल ,मिथुन मंडल, निरंजन हीरा ,प्रकाश राय उपाध्यक्ष, शेखर मंडल उपसचिव , उत्तम मंडल शंकर गोलदार, किरन सरकार, कार्तिक राय समर देवनाथ ,सुनील विश्वास, कालीपद महलदार, गोपाल सरकार, सुनील हालदार संरक्षक बनाए गए। बैठक में बंगाली महासभा के प्रदेश



बंगाली समाज के आगे बढ़ाने के लिए संगठित होने पर जोर दिया। कहा नशे के गिरफ्त मे आकर युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। नशे के खिलाफ बंगाली समाज के लोगों को सशक्त होकर आगे आना होगा। बैठक में शक्तिफार्म इकाई का गठन किया गया जिसमें विश्वजीत संगठन मंत्री, प्रकाश स्वर्णकार, रतन गोलदार मंत्री ,विशाल सरकार मीडिया प्रभारी ,रवि मजूमदार सोशल मीडिया प्रभारी ,विजय बनर्जी सह सोशल मीडिया प्रभारी तथा संजय व्यापारी शंकर मंडल, सुरेश बाईन सदस्य बनाए गए। संजय बाछाड़, सुबल विश्वास, अध्यक्ष राजकुमार शाह, दिनेशपुर नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सरकार, शक्तिगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील विश्वास, हिमांशु सरकार, कार्तिक राय, विश्वजीत हालदार विजय मंडल, निरंजन हीरा, रवि मजूमदार, रविंद्र विश्वास ,पंकज बसु, समर देवनाथ आदि मौजूद थे।

# भुरमुनि में नौला सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा एवं जिलाधिकारी रीना जोशी ने विकासखंड विण के अंतर्गत ग्राम भुरमुनि में नौला सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण किया। नौला सौन्दर्यीकरण कार्य जिला पंचायत द्वारा 15वें वित्त के अंतर्गत रुपये 12 लाख की धन राशि से करवाया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कैच द रेन अभियान से प्रेरित होकर ही जिला पंचायत द्वारा जल संरक्षण के लिए ग्राम भुरमुनि में नौले का सौन्दर्यीकरण किया गया है।उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी कई नौले-धारों का जीर्णोद्धार कार्य जिला पंचायत के माध्यम से किया गया है। जिलाधिकारी रीना जोशी ने कहा कि प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण बेहद जरूरी है। जिला पंचायत ने ग्राम भुरमुनि में नौले का सौंदर्यीकरण कर सराहनीय कार्य किया है। हम हमेशा ही बात करते हैं कि जल संरक्षण पर काम करना चाहिए। इसके लिए हम कार्य कर रहे हैं तथा आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने आदर्श ग्राम बन सकता है। इस दौरान ग्रामीणों ने जानवरों से फसलों की सुरक्षा हेतु ग्राम भुरमुनि में तारबाड़ लगाये जाने, सिन्थौली - भुरमुनि सड़क मार्ग का



कहा कि ग्राम भुरमुनि में स्थित झरने (फाल) को भी पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्राम भुरमुनि के लोग कृषि कार्यों में लगे हैं तथा यहां पलायन भी कम हुआ है जो कि प्रसन्नता का विषय है। यह ग्राम एक डामरीकरण करने एवं ग्राम भुरमुनि में बारात घर का निर्माण करने की मांग जिलाधिकारी से की। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र रावत, गिरीश जोशी, मनोज सामन्त, केदार जोशी, कोमल मेहता आदि उपस्थित थे।

# मंडी समिति ने लोगों उपलब्ध कराया 70 किलो टमाटर

रामनगर(उद संवाददाता)। लगातार सब्जी के दामों में हो रही बेतहाशा वृद्धि को लेकर आम जनता पूरी तरह त्रस्त है तो वहीं जहां एक और सब्जी के दाम लगातार आसमान छू रहे हैं तो वही टमाटर के बढ़ते दाम से अब जनता के मुंह से टमाटर का स्वाद भी दूर होने लगा है। रामनगर में टमाटर 160 रुपए किलो से लेकर 180 किलो तक बिकने के बाद आम जनता अब टमाटर की ओर देखना भी पसंद नहीं कर रही हैं। लगातार टमाटर और सब्जी के दामों में वृद्धि को लेकर जनता अब सरकार के प्रति नाराजगी जता रही है। जनता की नाराजगी को दूर करने के लिए सोमवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति रामनगर के अध्यक्ष राकेश नैनवाल ने टमाटर के बढ़ते दामों से जनता को राहत देने के लिए अनोखी पहल शुरू की। उन्होंने मंडी में एक आधार कार्ड पर 70 किलो प्रतिदर से जनता को 2 किलो टमाटर उपलब्ध कराया। मंडी समिति में सस्ते आ जाता। तब तक मंडी समिति में ही है क्रम जारी रहेगा । उन्होंने यह भी ऐलान किया है कि यदि सब्जी के दामों में कमी नहीं आई तो शीघ्र ही मंडी परिसर में सब्जी



दामों पर टमाटर मिलने की सूचना पर लोगों की लंबी लाइन लग गई मंडी समिति अध्यक्ष राकेश नैनवाल ने कहा कि जब तक टमाटर न्यूनतम रेट पर नहीं के स्टॉल लगाकर जनता को सस्ती सब्जी भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से भी इस मामले में संज्ञान लेने की बात कही है।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# धूमधाम से मना उपनल का स्थापना दिवस

## राज्यपाल ने कला, साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं को किया सम्मानित

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को गढ़ीकैन्ट में उपनल के 19वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने इस अवसर पर कला, साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल और सैनिक कल्याण मंत्री ने उपनल के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 3 कर्मचारियों को भी पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। पर्वतारोहण और साइकिलिंग के क्षेत्र में कई मेडल जीतने वाले पूर्व सैनिक कलम सिंह बिष्ट को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में राज्यपाल ने सम्मानित होने वाले सभी छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने उपनल संस्था के अधिकारियों को भी स्थापना दिवस की बधाईयां दी। राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिक के आश्रितों के कल्याण के लिए बनी इस संस्था का मुख्य उद्देश्य उन्हें रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि हम सभी को संकल्प लेना होगा कि हम इसकी बेहतरी के लिए कार्य करें। राज्यपाल ने कहा कि इस संस्था का लाभ प्रत्येक पूर्व सैनिक और उनके परिवारों को मिले, इसके तरीके खोजे जाएं। उपनल में नवाचार और नवीन तकनीकी का इस्तेमाल किया जाए।उन्होंने कहा कि सभी उपनल कर्मचारी पूरी श्रद्धा व मेहनत से दिए गए दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। इसी सेवाभाव को जारी रखा जाए और संस्था के मान को बढ़ाया जाए। उन्होंने सभी कर्मचारियों से यह संकल्प लेने की भी अपील की कि वे किसी भी प्रकार के गलत कार्य संस्कृति को बढ़ावा न दें जिससे संस्था का मान व सम्मान प्रभावित हो।राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिकों में प्राकृतिक नेतृत्व क्षमता है। वे शासन एवं प्रशासन को किस प्रकार अपना सहयोग दें इस पर विचार किया जाय। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में पर्यटन, कृषि एवं वैलनेस के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं हैं। पूर्व सैनिक इन क्षेत्रों में रोजगार के नवीन अवसर तलाशने हेतु आगे आएं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी ताकत को पहचानते हुए उस क्षेत्र में कार्य करने की जरूरत है।उन्होंने कहा




कि यह हम सभी के लिए खुशी के क्षण हैं कि उपनल का कारोबार व टर्नओवर लगातार बढ़ रहा है। उपनल प्रदेश में जीएसटी भुगतान में सर्वोच्च स्थान पर है जिसे केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। राज्यपाल ने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि उपनल द्वारा एक साफ्टवेयर विकसित किया गया है जिससे ऑनलाइन पंजीकरण, विभागों के समय पर बीजक तथा वेतन प्रेषण किया जा रहा है।इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उपनल के स्थापना दिवस हेतु प्रेषित शुभकामना संदेश भी पढ़ा गया। उन्होंने 19वें स्थापना दिवस पर उपनल के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने उपनल के 19वें वर्षगांठ पर उपनल के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा उपनल का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को रोजगार उपलब्ध कराना है। इस क्रम में उपनल द्वारा पूर्ण पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य किया जा रहा है।मंत्री जोशी ने कहा उपनल कर्मचारी उत्तराखण्ड के प्रत्येक विभाग में कंधे से कंधा मिलाकर सरकार के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा सरकार का दायित्व है कि कर्मचारियों की समस्या को सुने और उनकी समस्या का समाधान करें इस दिशा में सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा वर्तमान में उपनल द्वारा 24000 अभ्यर्थियों का प्रायोजन किया जा चुका है, देश में जितने भी कारपोरेशन संचालित हैं उनमें से उत्तराखण्ड एक छोटा प्रदेश होते हुए भी प्रायोजन हेतु उपनल दूसरे स्थान पर है, जो कि एक बहुत ही गर्व की बात है। उन्होंने कहा कल्याणकारी योजनाओं में व्यय पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याणकारी योजनाओं में सीएसआर मद द्वारा वर्तमान तक लगभग रू0 56 लाख व्यय किये जा चुके हैं। हाल ही में जोशीमठ आपदा से निपटने के लिए उपनल द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष में 11 लाख रुपये दान दिये गये। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने प्रतिभावान युवाओं जो एनडीए, आईएएस, एमबीबीएस की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं उनके लिए शीघ्र ही उपनल एक कोष तैयार करेगा। इस अवसर पर चेयरमैन जनरल सम्मी सभरवाल, एमडी उपनल ब्रिगेडियर जे.एन.एस बिष्ट, ले.जनरल टी. पी एस.रावत, ले.जनरल योगेंद्र डिमरी, मेजर जनरल डी.अग्निहोत्री, मेजर जनरल एम.एल असवाल, मेजर जनरल एस.एस नेगी, ब्रिगेडियर के.जी.बहल, ब्रिगेडियर रमेश भाटिया, ब्रिगेडियर अमृत लाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गुरूद्वारे के लंगर हाल का निर्माण कराने की घोषणा

## पूर्व कैबिनेट मंत्री पांडे ने कार्यकर्ताओं के साथ किया टिफिन भोज

केलाखेडा(उद संवाददाता)। नगर में गुरूद्वारा सिंह सभा के हाल में पूर्व कैबिनेट मंत्री व वर्तमान विधायक अरविंद पाण्डेय ने भाजपा के राष्ट्रीय



संगठन द्वारा चलाई जा रही टिफिन मुहिम के तहत कार्यकर्ताओं के साथ भोजन कर संवाद किया। भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अरविन्द पाण्डेय ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने समाज को जातिवाद, विरादरीवाद में बांट कर मात्र वोट बैंक की राजनीति की परंतु विगत नौ वर्षो से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केन्द्र सरकार ने समस्त विश्व को एक परिवार का रूप देते हुए वसुधैव कुटुम्बकम के नारे को चरितार्थ करने का प्रयास किया है। विश्व के पटल पर भारत अपनी एक अनूठी पहचान बना रहा है। आज भारत वर्ष को सम्पूर्ण विश्व एक महा गुरू के रूप में देख रहा है और इसका सारा श्रेय भारतीय जनता पार्टी के केन्द्र सरकार व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। सभी कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनावों में एक जूट होकर नरेन्द्र मोदी को पुन: भारत का प्रधानमंत्री बनाकर भारत को विश्व के अग्रणी देशो में खडा करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र कालडा,भाजपा नेता अजय शर्मा,मण्डल महामंत्री सीडी खुराना, परमजीत सिंह,जुल्फेकार अली,जितेन्द्र चानना,शशीप्रीत, फाजील अंसारी,जाकिर अंसारी,नरेश सिंह, देवेन्द्र सिंह,सुखविन्दर सिंह, अमर पाण्डेय,शेर चंद काम्बोज, शब्बू खॉ, जिला पचायत सदस्य हरजीत सिंह हेरी,लियाकत सैफी आदि लोग उपस्थित थे। वहीं टिफिन मुहिम के तहत कार्यकर्ताओं से सवांद कर रहे क्षेत्रीय विधायक अरविंद पाण्डेय के समक्ष मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र कालड़ा ने गुरूद्वारा सिंह सभा का लंगर हाल विधायक निधि से बनवाने की अपील की। मण्डल अध्यक्ष की मांग को स्वीकार करते हुए विधायक पाण्डे ने गुरूद्वारे के लंगर हाल को स्वयं की निधि से बनवाने की घोषणा की। जिस पर भाजपा कार्यकर्ताओं व गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

# जलभराव से प्रभावित लोगों का जाना हाल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।क्षेत्र में हो रही लगातार भारी बारिश और कल्याणी नदी के किनारे बसी बस्तियों में हो रहे जलभराव से उत्पन्न संकट को देखने के लिए रविवार को सुबह उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बाल्मीकि नगर भूत बंगला और कल्याणी नदी के किनारे रह रहे लोगों से मिलने पहुंची। जहां उन्होंने जलभराव की स्थिति को देखा और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कीयहां श्रीमती शर्मा ने लोगों से अपील की कि वह जलभराव की गंभीर स्थिति को देखते हुए



अपना घरेलू सामान कहीं अन्यत्र स्थानांतरित कर दें और अपने आप को भी सुरक्षित रखें। इधर श्रीमती शर्मा ने जिला प्रशासन से भी अपील की है कि वह नदी किनारे तटीय क्षेत्रों में रह रहे लोगों की सुरक्षा व्यवस्था को अच्छे से चाक-चौबंद करें और उनकी आवश्यक मदद करें। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में नगर निगम पार्षद परवेज कुरेशी, नगर पालिका परिषद के पूर्व पार्षद कालीचरण बाल्मीकि, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, राहुल चौहान, संतोष बाल्मीकि, ताहिर खान, अरविंद सक्सैना, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# बांग्ला शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में बांग्ला नाटक पुस्तक का विमोचन

## बांग्ला भाषा शिक्षा अभियान के तहत प्रबुद्धजनों को किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बांग्ला शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल के प्रतियोगिता के तहत कई शार्ट फिल्म प्रदर्शित की गई। बांग्ला पुस्तक का विमोचन किया गया वहीं बांग्ला भाषा शिक्षा अभियान में सहभागी बने शिक्षकों साहित्यकारों रंग कर्मियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। बंग्ला भाषा संस्कृति मंच उत्तराखंड के तत्वावधान में रूद्रपुर नगर निगम सभागार में बांग्ला शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में शंकर चक्रवर्ती द्वारा लिखित बांग्ला पुस्तक नाटक 'विभाजनेर विभीषिका' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कोलकाता यूनिवर्सिटी के पूर्व रजिस्ट्रार नीतीश विश्वास, विशिष्ट अतिथि मेयर रामपाल सिंह, चंद्रकांत मण्डल, डॉक्टर जगदीश चंद्र मंडल, सुभाष मंडल, रविंद्र राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया वहीं रक्षित कुमार ने रविंद्र संगीत गीत गाकर कार्यक्रम बंगमयी कर दिया। मंचासीन अतिथियों को माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। शंकर चक्रवर्ती द्वारा लिखित बांग्ला पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि नीतीश विश्वास एवं मंचासीन अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। नाटक के लेखक शंकर चक्रवर्ती ने कहा कि विभाजन की तत्कालीन कहानी पर लिखित नाटक में सत्यता झलकती है। मुख्य अतिथि नीतीश ने कहा कि पुलिन विश्वास बंगाली की इतिहास में एक विख्यात व्यक्तित्व रहे हैं। हम आपस में इस तरह सहयोगिता से बंगालियों का उत्थान कर सकते हैं। बंगालियों की खेती-बाड़ी और मेहनत करने की विशेष गुण के कारण क्षेत्र में समृद्धि की भूमिका बड़ी है। पुस्तक विमोचन पर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में बांग्ला साहित्य पर कार्य होना और सांस्कृतिक उत्थान के कार्य होना एक सकारात्मक पहल है। फेस्टिवल में उड़ीसा से एक, उत्तराखंड से पांच और पश्चिम बंगाल से 12 फिल्म की प्रतियोगिता हुई। वहीं मंच की ओर से स्वर्गीय हरेंद्रनाथ मलिक मेमोरियल अवार्ड जात्रा-ड्रामा के तहत श्री चंद्रकांत मंडल, डॉ. अभिजीत कुमार मेमोरियल अवॉर्ड डॉक्यूमेंट्री के लिए संजय बालछाड़, बांग्ला भाषा एवं संस्कृति अवार्ड साहित्य-म्यूजिक में स्व. दीप्ती सुंदर मल्लिक एवं स्वर्गीय पुलिंग विश्वास मेमोरियल अवार्ड लाइफटाइम अचीवमेंट फॉर सोशल वर्क के लिए नितिन मलिक को शॉल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं बांग्ला भाषा शिक्षा अभियान क्व तहत सहयोगी शिक्षक रवि सरकार, नित्यानंद मंडल, कृपा सिंधु राय, मानिक शुक्ला, प्रफुल्ल विश्वास, गोष्ट कुमार, अशोक विश्वास, सुभाष गुसाई, श्यामली विश्वास एवं रीता चटर्जी को शॉल ओढ़ाकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बंगीय भाषा-संस्कृति मंच उत्तराखंड के संयोजक प्रकाश अधिकारी ने कहा कि बांग्ला भाषा-संस्कृति, साहित्य, संगीत एवं कला को एक मंच देने का लक्ष्य है। इस समारोह में शक्तिफार्म, दिनेशपुर, रुद्रपुर के अलावा उत्तर प्रदेश के कई सम्मानित लोग उपस्थित रहें। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ.जगदीश मंडल एवं संरक्षक-मार्गदर्शक- लेखक शंकर चक्रवर्ती, डायरेक्टर प्रताप दत्ता, कवि समीर राय, संरक्षक नारायण महाजन, असीम कांति रक्षित, तरुण सेन, डॉ. जगदीश मण्डल, अजीत विश्वास, देवप्रकाश चक्रवर्ती, अम्बरीश विश्वास, रेडियो जॉर्नलिस्ट पद्मलोचन विश्वास, अमृत विश्वास, कालीपद विश्वास ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मंच का सफल संचालन डाइरेक्टर प्रताप दत्ता एवं रीता राय ने संयुक्त रूप से किया। इस समारोह में पंकज राय, दीपक चक्रवर्ती, कार्तिक सरकार, सुब्रत विश्वास, मृदुल अधिकारी, डॉ. सुनील हालदार, रोहिताश्व मलिक, विरिंचिपद राय, अरविंद राय, संजय साहा, नारायण शाह सहित सैकड़ों बुद्दिजीवी मौजूद रहें।






श्री बांके बिहारी की कृपा से

**श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा एवं श्री खाटू श्याम यात्रा**

दिनांक-30 जुलाई से 10 अगस्त 2023 तक

- AC वाल्वो बस
- विभिन्न मन्दिरो के दर्शन
- भोजन की सुविधा
- ठहरने की उचित व्यवस्था

**प्रति व्यक्ति किराया मात्र 15,000/- रूपये**

यात्रा के लिये श्री मन्दिर मनकामेश्वर मन्दिर, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर से 30 जुलाई को वाल्वो एसी बस जा रही है। इस परिक्रमा यात्रा में जो भी श्रद्धालु जाने का इच्छुक हो, वह निम्न मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी सीट सुरक्षित करा सकता है।

सम्पर्क करे-7248133444,8476003072

# जेवरात व नगदी सहित शातिर चोर गिरफ्तार

## दिन में रेकी कर रात्रि में तोड़ता था ताले

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस तथा एसओजी की संयुक्त टीम ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल कर चोरी की कई घटनाओं का खुलासा करते हुए लाखों रुपए कीमत





के जेवरात तथा नगदी सहित एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने टीम को पांच हजार रुपए ईनाम देने की घोषणा की है। मामलों का खुलासा करते हुए एसएसपी ने बताया कि सरस्वती बिहार निवासी गीता पलडिया व सुयाल कॉलोनी निवासी कैलाश सिहं परिहार दोनो ही के परिवारजन अपने घर से बाहर गए हुए थे। उनकी गैर मौजूदगी में 24 से 25 जून के मध्य अज्ञात चोरों द्वारा उनके घर में घुसकर लाखों रूपये की नगदी व जेवरात चोरी की घटना को अन्जाम दिया गया। जिस संबंध में कोतवाली में दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं में मुकदमा दर्ज किया गया। चोरी की घटना के खुलासे के लिए हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में एसओजी व पुलिस की संयुक्त टीम का गठन किया गया। पुलिस द्वारा उक्त घटना के खुलासे हेतु घटना स्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज को बारीकी से चौक किया गया। जिसमे कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई साथ ही पुलिस द्वारा पुराने नकबजनो के सत्यापन की भी कार्यवाही की गयी। उन्होंने बताया कि साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम को घटना मे सम्मिलित अभियुक्त के सम्बन्ध मे मुखविर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई। पुलिस ने मंडी क्षेत्र हैडागज्जर हिमालयन फ्लौरा नर्सरी के पास एक अभियुक्त आबिद पुत्र स्व. मौ. मोहम्मद हुसैन निवासी डोगपुरी थाना गदरपुर जिला उधम सिह नगर को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से उक्त चोरी की घटना से संबंधित माल जेवरात एवं रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ व पुलिस जाँच तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त द्वारा अकेले ही दिन के समय बन्द घरों की रैकी की जाती है एवं रात में सुनसान रास्तों से होते हुए टारगेट किये गये घरों में घुसकर नकबजनी की घटना को अन्जाम दिया जाता है एवं पूर्व में भी इस प्रकार की घटनाओं को अन्जाम दे चुका है। उन्होंने बताया कि पकडे गए शातिर चोर सेएक मामले के एक जोड़ी कंगन, एक चौन, एक जोड़ी झुमके, तीन जोड़ी टाप्स, एक गुलोबन्द, नकदी पाँच हजार रुपये बरामद हुई। जबकि दूसरे मामले के एक हार,एक मंगल सूत्र मय पैण्डल व 6 दाने, एक नथ, एक जोड़ी पौंची, दो जोड़ी झुमके, एक जोड़ी टाप्स, एक माँग टीका एक अंगूठी सोने की बरामद हुई। बरामद माल की अनुमानित कीमत लगभग 9 लाख रूपये है। एसएसपी ने बताया कि अभियुक्त आबिद नकबजनी के अभियोगों में पूर्व में भी जेल जा चुका है। जिसके विरूद्ध जनपद नैनीताल मेंआठ अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार करने वाली कोतवाली पुलिस टीम में हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली,वउनि विजय मेहता, उनि गुलाब सिंह, उनि जगदीप नेगी, उनि दिनेश जोशी, उनि गौरव जोशी थाना बेतालघाट, उनि बबीता, हेकानि इशरार नबी, कानि. वंशीधर जोशी, अरुण राठौर, ललित मेहरा व घनश्याम रौतेला तथा एसओजी टीम के प्रभारी उनि राजवीर नेगी, हेकानि कुन्दन कठायत, त्रिलोक रौतेला, कानि. दिनेश नगरकोटी, अशोक रावत शामिल थे।




## अविनाश व हृदयांशी ने जीती निबंध प्रतियोगिता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आर्य समाज द्वारा विद्यालयी स्तर पर एक निबन्ध प्रतियागिता आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विद्यालयों से 48 निबन्ध प्राप्त हुए। प्रतियोगिता के दो वर्ग निर्धारित किए गए थे। कनिष्ठ वर्ग कक्षा 06 से कक्षा 08 तक तथा वरिष्ठ वर्ग कक्षा 09 से कक्षा 12 तक । प्रतियोगिता का विषय स्वतन्त्रता आन्दोलन में आर्यसमाज का योगदान, यज्ञ तथा वायु प्रदूषण, विद्यार्थी जीवन की आदर्श दिनचर्या (प्रात: जागरण से लेकर रात्रि शयन पर्यन्त ), तथा योग तथा आदर्श जीवनष (जीवन निर्माण में योग की महत्ता )। आर्य समाज महर्षि दयानन्द सरस्वती जी की वैदिक विचार धारा पर वाद-विवाद व निबन्ध प्रतियोगिता कराता रहता



है ।निबन्ध प्रतियोगिता में जो विद्यार्थी पुरस्कृत किये गये उनमें कनिष्ठ वर्ग में अविनाश प्रकाश जोशी प्रथम, मो. सैफ द्वितीय, हिमांशु व सैफीना अशरफ तृतीय वरिष्ठ वर्ग में हृदयांशी कविदयाल प्रथम,मनस्वी उपाध्याय द्वितीय व रिजवाना तृतीय रही। सूर्यान्श केशरवानी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इससे पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय विद्वान् व आर्यसमाज के प्रधान डा० विनय विद्यालंकार ने सृष्टि विषय पर ज्ञान वर्धक व्याख्यान दिये। इस अवसर पर आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखण्ड के वरिष्ठ उप प्रधान डा. विनय खुल्लर, आर्यसमाज के मंत्री भूपेन्द्र कुमार, मुकेश खन्ना संयोजक पीएल आर्य, रविकान्त माहेश्वरी, कृष्ण कान्त, विनोद कुमार, हरि प्रसाद आर्य, राज कुमार राजौरिया, रणजीत यादव, हरीश चन्द्र पंत, संतोष भट्ट, श्रीमती कृष्णा देवी, गंगा देवी आदि उपस्थित रहे ।

## दहेज उत्पीड़न मामले का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। दहेज के लिए पत्नी का उत्पीड़न करने के एक मामले में फरार ईनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 11 जनवरी 23 को मनीषा पत्नी किशोर कुमार उर्फ करन पुत्री केवलानन्द पाठक हाल निवासी हरीश चन्द्र पाठक दुर्गापाल कॉलोनी देवलचौड़ द्वारा थाना में दी गयी तहरीर में ससुरालियों द्वारा दहेज की माँग को लेकर प्रताड़ित करने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया गया। उनि प्रवीण कुमार द्वारा की



गयीविवेचना में प्रकाश में आये अभियुक्त किशोर कुमार पपनै लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा कई बार सम्भावित ठिकानों पर दबिश दी गयी परन्तु वह लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु एसएसपी द्वारा पांच हजार रूपये ईनाम की घोषणा की गयी। महिला उत्पीड़न से संबंधित अपराध की संवेदनशीलता को देखते पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा पहाडगंज दिल्ली क्षेत्र से ईनामी अभियुक्त किशोर कुमार पपनै निवासी तल्ला डाबर पोस्ट सोनी थाना रानीखेत जिला अल्मोडा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, उनि प्रवीण कुमार, कानि. भानु प्रताप शामिल थे।

## रात्रि में ठेलों में आग लगाने वाला गिरफ्त में

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ठेलों पर रात्रि के समय आग लगाकर ठेलों में रखी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले व्यक्ति को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार कैलाश चद्र वर्मा पुत्र भगवान सिंह निवासी आवास



विकास कॉलोनी निकट पंचेश्वर मंदिर ने कोतवाली में आकर तहरीर दी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्रि के समय बीएसएनएल कार्यालय के पास उसके खड़े ठेलों पर आग लगा कर ठेलों पर रखी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया । हरेंद्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित की गई। टीम निरीक्षक प्रकाश पोखरियाल चौकी प्रभारी भोटिया पड़ाव,महिला उपनिरीक्षक उपनिरीक्षक मन्जू , हेकानि. कमल पाण्डेय द्वारा घटनास्थल के आसपास लगी सीसीटीवी कैमरा को बारीकी से चेक किया गया। साथ ही आस-पास के लोगों एवं ठेले वालों से पूछताछ की गई। जिसके पश्चात ठेलों में आग लगाने वाले व्यक्ति की पहचान की गई और करन पुत्र महेश कुमार निवासी बैलेजली लॉज जो बीएसएनएल कार्यालय में गार्ड के रूप में कार्यरत है को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## राजनीतिक हिंसा का चरम

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा एक सतत प्रक्रिया बन चुकी है। पश्चिम बंगाल में राजनीति और हिंसा इस कदर एक-दूसरे से नालबद्ध हो चुके हैं कि वहां कोई मामूली चुनाव भी बिना मारपीट, गोलीबारी, हत्या के संपन्न नहीं हो पाता। वहां के पंचायत चुनावों में मतदान के दिन बड़े पैमाने पर हुई हिंसा इसका ताजा उदाहरण है। जब चुनाव की तारीख घोषित और नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई थी, तभी से हिंसा का सिलसिला शुरू हो गया था। इन चुनावों में बड़े पैमाने पर हिंसा की आशंका जताई जा रही थी, जिसके मद्देनजर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था पर जोर दिया गया। केंद्रीय बलों की तैनाती का प्रस्ताव रखा गया था, जिसे लेकर वहां के उच्च न्यायालय में भी मामला गया था। आखिरकार उच्च न्यायालय ने केंद्रीय बलों की तैनाती को मंजूरी दे दी थी। इसके तहत राज्य इकाई के सत्तर हजार सुरक्षा कर्मी और केंद्रीय बलों की छह सौ कंपनियां तैनात की गई थीं। इसके बावजूद इतने बड़े पैमाने पर हिंसा हो गई, जिसमें बारह से अधिक लोग मारे गए और बहुत सारे घायल हो गए। अब राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया है। यह चुनाव नतीजे आने के बाद भी चलता रहेगा। निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि उसने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए कि इस तरह की हिंसक घटनाएं हो गईं। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा एक सतत प्रक्रिया बन चुकी है। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच लगातार दलगत संघर्ष देखा जाता है। चुनावों के वक्त वह सतह पर आ जाता है और वे बदले की भावना से एक दूसरे पर जानलेवा हमले करने से परहेज नहीं करते। एक चुनाव की वैमनस्यता दूसरे चुनाव तक बनी रहती है। विधानसभा चुनाव की वैमनस्यता पंचायत चुनाव में और पंचायत चुनाव की वैमनस्यता लोकसभा चुनाव में प्रकट होती रहती है। हालांकि यह प्रवृत्ति इसी सरकार के समय की नहीं है। जब वहां वाम दलों की सरकार थी, तब भी ऐसी हिंसक घटनाएं होती थीं। मगर इस आधार पर मौजूदा सरकार की कानून-व्यवस्था संबंधी खामियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वाम दलों की करीब तीस सालों की सतत सत्ता के बावजूद वहां न लोगों के जीवन स्तर में कोई उल्लेखनीय सुधार नजर आया, न कानून-व्यवस्था भरोसेमंद हो पाई, तब लोगों ने सत्ता परिवर्तन का मन बनाया था और उम्मीद की जा रही थी कि ममता बनर्जी उन अपेक्षाओं पर खरी उतरेंगी। मगर निराश करने वाली बात है कि कानून-व्यवस्था में कोई सुधार नजर नहीं आया। ममता बनर्जी ने भी राजनीतिक हिंसा की परिपाटी को उसी तरह पोसा है, जिस तरह वाम दलों ने पोसा था। वे अपने कार्यकर्ताओं की आपराधिक गतिविधियों के बचाव में खुद थाने में जाती देखी गई हैं। इससे स्पष्ट संकेत गया कि पुलिस प्रशासन सत्तापक्ष के कार्यकर्ताओं की बेजा हरकतों को नजरअंदाज करे। पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भी इसीलिए बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी कि सत्तापक्ष के कार्यकर्ताओं को प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त था। अब पश्चिम बंगाल में स्थिति यह है कि प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दल भी अपने कार्यकर्ताओं को इसी तरह तैयार करते हैं। हिंसा के बल पर अगर मतदाताओं को अपने पक्ष में करके चुनाव जीत भी लिया जाए, तो आखिर लोकतंत्र कहां बचा रहता है। यह समझ से परे है कि जब सत्ताधारी दल खुद अपने कार्यकर्ताओं को लोकतांत्रिक तरीके से मतदान कराने का पाठ नहीं पढ़ा सकता, तो उससे दूसरे दलों के उपद्रवियों पर काबू पाने की कितनी उम्मीद की जा सकती है।

# सावन महीने में सोमवार को व्रत रखने से मिलती है सुख, शांति और सफलता

सावन माह में सोमवार के दिन व्रत रखना बहुत ही शुभ माना जाता है और इस दिन देवों के देव यानि महादेव की पूजा की जाती हैं। साथ ही भगवान शिव, भगवान विष्णु और भगवान ब्रह्मा के साथ त्रिमूर्ति रूप में भी जाने जाते हैं, जो ब्रह्माण्ड के सृष्टि, स्थिति और संहार का संचालन करते हैं। ज्योतिष गुरु पंडित अतुल शास्त्री बताते हैं कि सोमवार के दिन शिवजी की पूजा और व्रत रखने से जातक को विशेष कृपा प्राप्त होती है, जो व्यक्ति को संकटों से मुक्ति दिलाती हैं। इसके अलावा, सावन महीने में सोमवार को व्रत रखने से व्यक्ति को जीवन में सफलता, स्वस्थ्य, सुख, शांति की प्राप्ति होती है। साथ ही सोमवार के व्रत के दौरान भक्त शिवजी की भक्ति करते हुए मन, वचन और काया से उनकी पूजा करते हैं, जो उन्हें उनके जीवन के संघर्षों से लड़ने की शक्ति प्रदान करते है। सावन महीने में सोमवार को व्रत रखने से व्यक्ति की मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति होती है, जो उन्हें अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने में मदद करती है। ज्योतिष गुरू पंडित अतुल शास्त्री ने बताया सावन के पहले सोमवार के दिन पंचक जैसा अशुभ योग बन रहा है। वहीं सुकर्मा योग और रेवती नक्षत्र भी रहेगा, जिसे बेहद शुभ माना जाता है. इसके अलावा सावन का पहले सोमवार के दिन श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि भी है. अष्टमी तिथि को रुद्रावतार बाबा काल भैरव की पूजा की जाती है. इस तरह इस दिन शिव पूजा का विशेष संयोग बन रहा है।6 जुलाई 2023, गुरुवार की दोपहर 1 बजकर 38 मिनट से पंचक शुरू हो गए हैं, जो कि 10 जुलाई 2023 की शाम 6 बजकर 59 मिनट पर समाप्त होंगे. इस तरह सावन के पहले सोमवार 10 जुलाई 2023 पर पंचक का साया रहेगा. ऐसे में लोगों के मन में यह आशंका है कि पंचक में सावन सोमवार की पूजा-अभिषेक कैसे करें. ज्योतिष गुरू पंडित अतुल शास्त्री के अनुसार चूंकि पंचक की शुरुआत गुरुवार से हुई है, लिहाजा ये हानिकारक नहीं है इसलिए सावन के पहले सोमवार पर पंचक होने के बाद भी लोग बिना किसी रुकावट के शिव जी की पूजा-अभिषेक कर सकेंगे। सावन के पहले सोमवार पर सुकर्मा योग दोपहर 12 बजकर 34 मिनट से है, जो पूरी रात रहेगा. इस दिन का शुभ मुहूर्त या अभिजित मुहूर्त सुबह 11 बजकर 59 मिनट से दोपहर 12 बजकर 54 मिनट तक है. वहीं सावन के पहले सोमवार पर शिववास गौरी के साथ है और जब शिववास होता है, तभी रुद्राभिषेक किया जाता है. ऐसे में पहले सावन सोमवार पर रुद्राभिषेक का शुभ मुहूर्त 10 जुलाई की सुबह से लेकर शाम 06 बजकर 43 मिनट तक है।ज्योतिष गुरू पंडित अतुल शास्त्री ने बताया कि सोमवार व्रत रखने से कुंडली में चंद्र ग्रह की स्थिति मजबूत होती है। इससे कई सारे रोगों से छुटकारा मिलता है। सोमवार व्रत से अविवाहित लड़कियों को फलदायी लाभ मिलता है। मान्यता है कि 16 सोमवार व्रत रखने से कुवांरी लड़कियों को उत्तम वर की प्राप्ति होती है।सोमवार व्रत रखने से कुंडली में चंद्र ग्रह मजबूत होता है, जिससे नौकरी की समस्या का निदान और व्यवसाय में लाभ मिलता है।पुराणों के अनुसार, सोमवार के व्रत से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और जीवन-मृत्यु के चक्र से छुटकारा मिल जाता है। सावन के सोमवार में व्रत रखने से वैवाहिक जीवन सुखमय और सभी परेशानियों से छुटकारा मिल जाता है। इस व्रत को स्त्री-पुरुष दोनों रख सकते हैं।सोमवार व्रत रखने से व्यक्ति की सारी समस्याएं खत्म हो जाती हैं। भगवान शिव बहुत ही दयालु हैं, जो अपने भक्तों के छोटे से छोटे दुखों को दूर करते रहते हैं। इसलिए सोमवार व्रत को सभी पूरी श्रद्धा के साथ रखते हैं।इस व्रत को धारण करने के पहले इस तीर्थ स्नान से जातक को शुभकार्यों की सफलता मिलती है।शिवलिंग जातक को शिवलिंग को गंगाजल से स्नान कराना चाहिए और फूल, धूप, दीप और अर्घ्य आदि चीजें भगवान को अर्पित करें।मंत्रों का जाप करें: भगवान शिव की पूजा के दौरान इन 'ॐनमः शिवाय', ' महामृत्युंजय मंत्र', 'त्रयम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्' मंत्रों का जाप करने से भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है।व्रत का पालन करें सावन सोमवार के दिन व्रत का पालन करना चाहिए और भगवान शिव के सामने व्रत का संकल्प लें। इसके बाद भगवान से प्रार्थना करें और उनका आशीर्वाद मांगे।इस दिन दान-धर्म का काम करना शुभ माना जाता हैं और सात्विक भोजन ग्रहण करें।किसी प्रकार की अनावश्यक बहस या विवाद नहीं करना चाहिए।मांसहारी भोजन का सेवन न करें।सावन सोमवार के दिन काली मिर्च या लौंग की माला लेकर जप करने से मन को शांति मिलती है। इस दिन भगवान शिव का ध्यान करने से मन को शांति मिलती है और जीवन में सफलता प्राप्त होती है।सावन सोमवार के दिन शिवलिंग के ऊपर जलाभिषेक करने से जातक को अधिक लाभ होता है। इससे मन शांत रहता है और जीवन में सफलता मिलती है।सावन सोमवार के दिन व्रत रखें: सावन सोमवार के दिन व्रत रखने से मन को शांति मिलती है और जातक का स्वास्थ्य अच्छा रहता हैं।


**-ज्योतिष गुरू पंडित अतुल शास्त्री, ज्योतिष सेवा केन्द्र**

**अपनी राशि के अनुसार भगवान शिव को चढ़ाएं ये चीजें:**

मेष राशि आप शिव जी को जल, दूध, शहद, बेल पत्र, अर्धे कमल, दही, चावल और घी आदि अर्पित कर सकते हैं।
वृषभ राशि इस राशि के लोग भगवान शिव को दूध, घी, शहद, बेल पत्र, धूप अर्पित कर सकते हैं।
मिथुन राशि आप भगवान शिव जी को धूप, दही, बेल पत्र, जल, अर्धे कमल अर्पित करें।
कर्क राशि शहद, बेल पत्र, दूध भगवान शिव को अर्पित करना आपके लिए शुभ हैं।
सिंह राशि इस राशि को शहद, बेल पत्र, धूप, दूध भगवान शिव को चढ़ाने चाहिए।
कन्या राशि दूध, घी, शहद, बेल पत्र भगवान शिव और माता पार्वती को अर्पित करें।
तुला राशि धूप, शहद, दूध, बेल पत्र, अर्धे कमल, जल, चावल और घी भगवान शिव को अर्पित करें।
वृश्चिक राशि जल, बेल पत्र भगवान शिव और माता पार्वती को अर्पित करना आपके लिए शुभ हैं।
धनु राशि शहद, दूध, बेल पत्र, धान्य, जल, अर्धे कमल, दही, चावल और घी आपको भगवान शिव को चढ़ाने चाहिए।
मकर राशि इस राशि को शहद, बेल पत्र, धूप, दूध भगवान शिव को चढ़ाने चाहिए।
कुंभ राशि जल, बेल पत्र भगवान शिव और माता पार्वती को अर्पित करना आपके लिए शुभ हैं।
मीन राशिआप भगवान शिव जी को धूप, दही, बेल पत्र, जल, अर्धे कमल अर्पित करें।

# 'शिव' की आराधना बिना 'शक्ति' के हो नहीं सकती

जनमानस में तो शिव और शंकर एक ही हैं, जिनके सहस्रों नाम हैं। सब नाम सुंदर हैं। पर अध्यात्म की सूक्ष्मताओं में जाकर अगर हम इन नामों का अभिप्राय समझें तो उनका सौंदर्य और बढ़ जाएगा। 'शिव' अर्थात आत्मा, सत्य मात्र। आप कहते हैं 'शिवोहम', ठीक



जैसे उपनिषद कहते हैं, 'अहं ब्रह्मास्मि' या 'पूर्णोहम'। आप सामान्यतया 'शंकरोहम' नहीं कहेंगे। इसी तरह, नित्याय शुद्धाय दिगम्बरायतस्मै नकाराय नमः शिवाय। और नमामी शमीशान निर्वाणरूपंविभुं व्यापकं ब्रह्मवेदस्वरूपम। निजं निर्गुणं निर्विकल्पं निरीहंचिदाकाशमाकाशवासं भजेऽहम। स्पष्ट ही है कि जब परम सत्य को निर्गुण- नित्य-निराकार-निर्विशेष जाना जाता है, तो 'शिव' नाम से संबोधित किया जाता है। अतः शिव का सत्यतः न तो कोई रूप हो सकता है, न देह, न निवासस्थान, न लिंग, न परिवार, न गुण। क्यों? क्योंकि मनुष्य के दुख के सब कारण इस स्वरूप, साकार, सगुण संसार में निहित हैं। यह सब जो इन्द्रियों की पकड़ में आता है, मन की सामग्री बनता है, यही तो जीव को भ्रम में रखता है। अतः आवश्यक है कि परम सत्य को रूप, रंग, आकार आदि से मुक्त ही देखा जाए। अगर सत्य को भी हमने सांसारिक रूप रंग का चरित्र चोला पहना दिया, तो फिर मनुष्य की मुक्ति की क्या संभावना बची? सो शिव अरूप हैं। अब आते हैं आम व्यक्ति की सीमाओं की ओर। निर्गुण और निराकार साधारण मन के लिए मात्र शब्द हैं। जन्मपर्यंत हमारा सारा अनुभव आकारों, रूपों, देहों का ही है। अतः व्यवहारिक रूप से अधिकांश लोग निर्गुण साधना के अधिकारी नहीं होते, न ही निराकार-निर्विचार से संबंध बैठा पाते हैं। ज्यादातर लोगों के लिए सत्य की सगुण परिकल्पना अपरिहार्य हो जाती है। अब शंकर का आगमन होता है। शिव ब्रह्मसत्य हैं, तो शंकर भगवान (ईश्वर)। ब्रह्म और ईश्वर बहुत अलग-अलग हैं, पर पूजा तो अधिकतर ईश्वर की ही होती है। सर्वसाधारण अपने लिए ज्यादा उपयोगी भी ईश्वर को ही मानता है। शिव कोई चरित्र नहीं, पर शंकर का चरित्र है। शिव का कोई परिवार नहीं, पर शंकर का परिवार, पत्नी, बच्चे सब हैं। शंकर किसी पुराण के, किसी गाथा के पात्र हो सकते हैं, शिव नहीं। यहाँ तक कि जिसे हम शिवपुराण के नाम से जानते हैं वो भी वास्तव में शंकर की ही कहानी है। शिव सत्य हैं, ब्रह्म हैं, अनादि अनंत बिंदु हैं जिसके कारण हम हैं, और जो हम हैं। शिव अकथ्य हैं, 'शिव' कहना भी शिव को सीमित करना है। आपको अगर वास्तव में 'शिव' कहना है गहरे मौन में विलुप्त होना होगा। जिनके बारे में कुछ भी कह पाने में शब्द असमर्थ हों, वो 'शिव' हैं। शंकर के बारे में आपको जितना कहना हो कह सकते हैं। कल्पना जितना ऊँचा जा सकती है, जितना बड़ा महल खड़ा कर सकती है, और अपने लिए जो प्रबलतम आदर्श स्थापित कर सकती है, वो शंकर हैं। शंकर उच्चतम शिखर हैं। मन जिस अधिकतम ऊँचाई पर उड़ सकता है वो शंकर हैं, और शिव हैं मन का आकाश में विलीन हो जाना। मन को अगर पक्षी मानें तो जितनी ऊँचाई तक वो उड़ा वो शंकर, और जब वो आकाश में ही विलुप्त हो गया तो वो विलुप्ति 'शिवत्व' है। तो शिव क्या हैं ?खुला आकाश चिदाकाशमाकाशवासं। शंकर क्या हैं? वो मन-पक्षी की ऊँची से ऊँची उड़ान हैं। विचार का सूक्ष्मतम बिंदु हुए शंकर, और निर्विचार हुए शिव। शिव और शंकर में एकत्व होते हुए भी वही अंतर है जो संत कबीर आदि मनीषियों के 'राम' में, और दशरथपुत्र राम में। जब संतजन बार-बार 'राम' कहते हैं तो शिव की बात कर रहे हैं, और रामायण के राम शंकर हैं। शंकर आदमी के चित्त की उदात्त उड़ान हुए, और शिव मुक्त आकाश। दोनों महत्वपूर्ण हैं, दोनों आवश्यक हैं। शिव का पूजन कठिन है। शिव को जानने के लिये शिव ही होना पड़ता है, और शिव ही हो गए तो कौन किसे पूजे? पर हमारे अहंकार के झुकने के लिए पूजा आवश्यक है। पूजा करनी है तो शंकर भी आवश्यक होंगे। शिव अचिन्त्य हैं जो शब्दों में आ न सकें, विचार में समा न सकें, चित्रों-मूर्तियों में जिन्हें दर्शा न सकें। शंकर सरूप सगुण हैं, मन के निकट और बुद्धिग्राह्य हैं। अब शक्ति। शिव में निहित योगमाया शक्ति हैं। शिव की शक्ति ही समस्त सगुण संसार हैं, त्रिगुणात्मक प्रकृति हैं। शिव ही शक्ति के रूप में विश्वमात्र हैं। शक्ति माने ये समूची व्यवस्था, ये अस्तित्व, ये खेल, ये आना-जाना, ये ऊर्जा का प्रवाह। जो कुछ हम जान सकते हैं, सब शक्ति है। अस्तित्व में शक्ति ही हैं, शिव तो अदृश्य हैं। मात्र शक्ति को ही प्रतिबिम्बित किया जा सकता है, शिव का कोई निरूपण हो नहीं सकता। बहुधा शिव-शक्ति को अर्धनारीश्वर के रूप में आधा-आधा चित्रित कर दिया जाता है। ऐसा चित्रण उचित नहीं। शिव को यदि प्रदर्शित करना ही है तो शक्ति के हृदय में एक बिंदु रूप में शिव को दिखा दें। शक्ति अगर पूरा विस्तार है तो उस विस्तार के मध्य में जो बिंदु बैठा हुआ है, वो शिव हैं। दो चित्रों को आधा-आधा जोड़ देना अर्धनारीश्वर की सुंदर अवधारणा को विकृत करता है। शक्ति समूचा शरीर हैं; उस शरीर का केंद्र, हृदय, प्राण हैं शिव। शक्ति ही अस्तित्व हैं। यदि पहुँचना है शिव तक, तो क्या साधन है? शक्ति की ही उपासना करनी होगी। अन्यथा शिव को पाएँगे कहाँ? शक्ति के हृदय में हैं अद्वैत शिव, शक्ति के आँचल में हैं शिव। और शक्ति माने संसार, शक्ति माने संसार के सारे पहलू, सारे द्वैत, सब धूप-छाँव। इनके अलावा शिव कहाँ मिलने वाले हैं? शिव की आराधना बिना शक्ति के हो नहीं सकती। वास्तव में आराधना तो शक्ति की ही हो सकती है। जिसने शक्ति की आराधना कर ली उसने शिव को पा लिया। जो शक्ति की उपेक्षा कर शिव की ओर जाना चाहे वो भटकता ही रहेगा। आध्यात्मिक खोज की शुरुआत प्रकृति-शक्ति-जीवन से करें। अपने जीवन को साफ देखिए, आत्म-जिज्ञासा कीजिए, यदि सच जानना हो। शिव तक पहुँचना है तो शुरुआत शक्ति से करिए। जीवन नहीं जाना तो जीवन से मुक्ति कैसे? शक्ति को नहीं जाना वो शिव की प्राप्ति कैसे! शक्ति मार्ग हैं, शंकर मंजिल की छवि हैं, शिव मंजिल हैं।

**-आचार्य प्रशान्त**
वेदांत मर्मज्ञ, लेखक पूर्व सिविल सेवा अधिकारी संस्थापक,
प्रशान्त अद्वैत फाउंडेशन

# आपदा से बचाव के लिये हेल्पलाइन नंबर जारी

देहरादून। प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। पिछले कई घंटों से लगातार प्रदेश में पहाड़ से लेकर मैदान तक बारिश हो रही है। इसी बीच सीएम धामी ने अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में अगले तीन दिनों तक भारी से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। जगह-जगह नदी नाले उफान पर हैं। भू-स्खलन होने से सड़कें बंद हैं। इसी बीच सीएम धामी ने ट्वीट कर अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। सीएम धामी ने ट्वीट करते हुए लिखा ' कुछ दिनों से प्रदेश में हो रही अत्यधिक बारिश के मद्देनजर मेरा सभी से निवेदन है कि ऐसे समय में आप पूर्ण सतर्कता बनाए रखें व अनावश्यक यातायात से बचें। नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता पर रखते हुए किसी भी प्रकार की परिस्थिति से निपटने हेतु प्रशासन को भी रेड अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं।' किसी भी प्रकार की आपदा की सूचना राज्य आपदा नियंत्रण कक्ष के फोन नंबरों 0135-2710335, 2664314, 2664315, 2664316, फैक्स नंबर 0135-2710334, 2664317. टोल फ्री नंबर 1070, 9058441404 एवं 8218887005 पर दी जा सकती है। कुछ दिनों से प्रदेश में हो रही अत्यधिक बारिश के मद्देनजर मेरा सभी से निवेदन है कि ऐसे समय में आप पूर्ण सतर्कता बनाए रखें व अनावश्यक यातायात से बचें। नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता पर रखते हुए किसी भी प्रकार की परिस्थिति से निपटने हेतु प्रशासन को भी रेड अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये गये है।

# रेल स्टेशन मे अधिकारियों ने की छेपेमारी

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर आज स्थानीय प्रशासन एवं राज्य कर विभाग की संयुक्त टीम द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान दून एक्सप्रेस से क्रमशः 48 नग लीज एवं 08 नग पार्सल तथा शताब्दी एक्सप्रेस से 17 नग पाये गए। शताब्दी एक्सप्रेस में पाये गये नगों में से 03 नग अखबार के पाये गये, जिन्हें जांच के उपरान्त सही पाये जाने पर अवमुक्त कर दिया गया। शेष कुल 70 नगों को विभागीय एवं स्थानीय प्रशासन की टीम द्वारा कब्जे में लेते हुए अग्रिम कार्यवाही की जारी है। हरिद्वार रेलवे स्टेशन में विभागीय अधिकारी द्वारा कार्यवाही करते हुए 23 नग रेलवे स्टेशन से रोशनाबाद विभागीय कार्यालय में अग्रिम कार्यवाही हेतु ले जाए गए। भौतिक सत्यापन के उपरान्त यह सुनिश्चित कर लिया जाएगा कि रेलवे के माध्यम से आयात किया जा रहा माल बिल/ई-वे बिल से आच्छादित है। रेलवे स्टेशन पर स्थित गोदाम की पड़ताल पर यह पाया गया वहाँ स्थित सीसीटीवी कैमरे 2 माह से खराब है जिसमें कुछ रेलवे कर्मचारियों की भूमिका के संबंध में सक्षम प्राधिकारियों के स्तर से जाँच की संस्तुति की जा रही है। उपरोक्त के अतिरिक्त, राज्य कर विभाग प्रवर्तन इकाई देहरादून में तैनात संयुक्त आयुक्त उपायुक्त तथा सचल दल सहायक आयुक्त को तत्काल प्रभाव से मुख्यालय संबद्ध करते हुए निलंबन एवं अनुशासात्मक कार्यवाही की संस्तुति की गई है।

# बाइक चोरी और झपटमारी करने वाले चार दबोचे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलभट्टा पुलिस ने बाइक चोरी और झपट्टामारी करने वाले चार बदमाशों को चोरी की दो बाइकों के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गये चोर लम्बे समय से घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। उनके पास से लूटे गये दो मोबाइल भी बरामद किये



गये। बता दें क्षेत्र में बढ़ रही बाइक चोरी और झपटमारी की घटनाओं के चलते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजुनाथ टी सी ने घटनाओं के खुलासे के लिए टीम का गठन किया था। गठित टीम को मुखविर से सूचना मिली कि बीते दिनों जिन बाईक सवार लड़को ने मोबाईल झपट्टा मारा था वह उक्त मोबाईल को लोगो को दिखाकर व अपनी मजबूरी बताकर मोबाईल बेचने का प्रयास कर रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम ने काली मन्दिर से किच्छा मार्कैट की ओर मुख्य सड़क पर घेराबन्दी कर 2 मोटर साईकिलो में सवार चार व्यक्तियों को घेराबन्दी कर पकड़ लिया। पकड़े गये आरोपियों ने अपने नाम सोनू पाल पुत्र ओमप्रकाश निवासी भुचिया जनीबी बरेली, इजहार पुत्र आलम निवासी निवासी कबरडिग्गा जिला बजहा बिहार,मुस्ताक पुत्र लालमीन निवासी लालपुर किच्छा, आकाश शर्मा पुत्र ओंकार शर्मा निवासी लालपुर बताये। पकड़ी गयी मोटर साईकिल में एक मोटरसाईकिल यूके 06सीए 1225 भी थी। पकड़े गये व्यक्तियों से सख्ती से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गय कि हमने ही अनुपम सिनेमा के सामने से एक व्यक्ति का मोबाईल ओप्पो छीना था मोटर साईकिल के कागजात दिखाने पर बताया कि हम चारो ने यह मोटरसाईकिल स्प्लेन्डर प्लस 3 जुलाई 2023 को रेलवे स्टेशन किच्छा से चुराई थी। बाद में मोटर साईकिल का नम्बर बदल कर यह फर्जी नम्बर लगा लिया। दूसरी मोटरसाईकिल अपाची को उन्होंने 2 वर्ष पूर्व रुद्रपुर से चोरी किया था। तलाशी लेने पर दो मोबाईल बरामद हुए जिनके बारे में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि 6 जुलाई की रात्रि को अनुपम सिनेमा के पास से छीना मोबाईल ओप्पो भी है व दूसरे मोबाईल को तीनपानी रुद्रपुर से झपट्टा मारकर छीना था। पूछताछ में पकड़े गये बदमाशों ने बताया कि वह लोग चोरी की गयी मोटरसाइकिलों में नम्बर प्लेट बदलकर चलते-चलते व उन मोटरसाईकिलों का प्रयोग लोगों के मोबाईल फोन छीनने में करते हैं ताकि पुलिस ना पकड़ सके। यह मोटरसाईकिले भी इसी कारण चुराई है।

# मांगों को लेकर निकाली गुरिल्ला जनजागरण रथ यात्रा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। गुरिल्ला जन जागरण रथयात्रा सिद्धेश्वर महादेव मंदिर फतेहपुर दुगड्डा में पूजा अर्चना अर्चना से शुरू होकर 10बजे कोटद्वार पहुची। प्रातः से लगातार वारिस के बावजूद गुरिल्ले काफी संख्या में कोटद्वार पहुंचे थे। हिन्दू पंचायती मंदिर धर्मशाला में हुई सभा को संबोधित करते हुए संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष ब्रह्मा नंद डालाकोटी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने गुरिल्लों की पूरी युवावस्था विभिन्न प्रशिक्षणों में लगवा दी, उन्हें हमेशा युद्ध के लिए तैयार रखा युद्ध नहीं हुआ इसलिए भले ही उनका युद्ध में उपयोग न हुआ हो शांति काल की सरकार की दी गयी सभी जिम्मेदारियों को गुरिल्लों ने निभाया। इसी कारण गुरिल्ले नियमित सैनिकों की भांति सुविधा पाने के हकदार हैं। किन्तु केन्द्र सरकार कभी गुरिल्लों का सत्यापन,कभी एस एस बी से समायोजन प्रस्ताव मांग कर गुरिल्लों को भ्रमित कर रही है। राज्य सरकार ने कुछ शासनादेश भी गुरिल्लों के लिए जारी कर दिये तथा हाल ही में गुरिल्लों का एल आई यू से भी सत्यापन करा दिया लेकिन किया कुछ नहीं।इसलिए गुरिल्ले सरकार की भ्रमित करने वाली कार्यवाही ,कुछ अपने ही साथियों के वाट्सप फेसबुक में दिये जा रहे के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए10 जुलाई पौड़ी में तथा 11जुलाई को श्रीनगर में रथयात्रा के कार्यक्रमों की विवरण दिया।दुगड्डा ब्लाक अध्यक्ष कुंदन सिंह ने सभी आगंतुकों का



संगठन को कमजोर करने वाले बयानों से सावधान रहें। राजस्थान के अध्यक्ष रामेश्वर सुथार ने संगठन की मजबूती पर बल देने के साथ साथ देहरादून दिल्ली पदयात्रा का सुझाव दिया। जिलाध्यक्ष मानसिंह ने पौड़ी जनपद स्वागत किया।सभा का संचालन उपेन्द्र ने किया। सभा के बाद जुलूस के रूप एस डी एम कार्यालय जाकर गुरिल्लों ने अपनी मांगों के ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री गृहमंत्री, मुख्यमंत्री उत्तराखंड को भेजे।

# शहीदी दिवस पर ग्रंथियों को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। दरबार साहिब श्री अमृतसर की रक्षा खातिर ग्रंथी के रूप में सेवा निभाने वाले 90 वर्षीय शहीद भाई मनी सिंघ के शहीदी दिवस पर सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई और सिख



प्रचारक सभा के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्य करने वाले ग्रंथियों एवं पाठियों को स्मृति चिन्ह एवं पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया। ग्राम नवाबगंज/ पछिया पुर में शहीद बाबा दीप सिंघ गुरुद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम में रागी जत्था भाई हरजीत सिंघ द्वारा गुरबाणी कीर्तन के माध्यम से शहीदों की मार्मिक दास्तान का वर्णन किया वही कविश्री जत्था भाई सतनाम सिंघ शोंकी द्वारा शहीद भाई मनी सिंघ की जीवन की मुख्य घटनाओं का वर्णन किया शहीद भाई मनी सिंघ के जीवन पर प्रकाश डालते हुए मुख्य सेवादार भाई रणधीर सिंघ ने कहा कि भाई जी बचपन से ही गुरु घर की सेवा में जुड़े रहे। पिता माई दास और माता मधरी बाई के घर उनका जन्म ग्राम अलीपुर पश्चिमी पंजाब पाकिस्तान में हुआ था। उनका विवाह भाई लखी शाह वणजारा की सुपुत्री सीतो जी के साथ हुआ था। लक्खी शाह वणजारा वही थे जिन्होंने दिल्ली के चांदनी चौक में कश्मीर के हिंदू पीड़ित परिवारों की खातिर शहीद हुए गुरु तेग बहादुर के धड़ का अंतिम सस्कार अपने हवेली में किया था जो कि वर्तमान में गुरुद्वारा रकाबगंज नई दिल्ली के नाम से सुशोभित है। गुरु हरगोबिंद साहिब से गुरु गोविंद सिंह तक विभिन्न युद्ध में उनके सहित उनके 12 में से 11 भाई शहीद हुए वही उनके 10 में से 6 पुत्र धर्म की खातिर शहीद हुए थे। दरबार साहिब अमृतसर की ग्रंथी एवं कथावाचक के रूप में सेवाकाल के दौरान लाहौर सूबेदार जकरिया खा द्वारा धार्मिक कार्यकलापों पर रोक लगाते हुए उन पर जुर्माना लगाया गया उनका कहना था, संगत द्वारा अपनी कमाई में से 10वां हिस्सा गुरु घर में जो अर्पित किया जाता है वह हम किसी कीमत पर भी व्यर्थ नहीं जाने देंगे, उन पर धर्म परिवर्तन का भी दबाव डाला गया परंतु इनकार करने पर उन्हें लाहौर के नखास चौक में टुकड़े टुकड़े करके शहीद कर दिया गया इससे पूर्व उनके साथी भाई भूपत सिंघ एवं गुलजार सिंघ सहित लगभग आधा दर्जन सिंघो को शहीद किया गया।भाई मनी सिंघ द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब के हस्तलिखित स्वरूप उपलब्ध है जिसे उन्होंने कई वर्षों की मेहनत से तैयार किया था। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक देवेंद्र सिंघ ने बताया कि शहीदों की खातिर हम आज देश में सुख शांति का जीवन व्यतीत कर रहे हैं हमें उन महान शहीदों के आदर्शों पर चलने का संकल्प करना चाहिए। इस मौके पर समाजसेवी स. जीत सिंघ बाजपुर देवेंद्र सिंघ एवं समाजसेवी भूपेंद्र कौर बेदी के अलावा भाई अमरिंदर सिंघ,बलविंदर सिंघ, बलवंत सिंघ, परमजीत सिंघ, बलदेव सिंघ, साजन सिंघ,बलवंत सिंघ,भगवंत सिंघ,हरजीत सिंघआदि शामिल थे।

# पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में लहराया परचम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। तृतीय जिला स्तरीय पेंचक सिलाट(इंडोनेशियन मार्शल आर्ट) प्रतियोगिता जसपुर स्थित हीरा गार्डन में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में माउंट लिट्रा जी स्कूल रुद्रपुर की तरफ से 10 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें कर्तव्य चौधरी ,एकम वीर सिंह ,लक्ष्य रौतेला अभीजोत सिंह ,शौर्य लोहानी ने स्वर्ण पदक



तथा अरनव पेटवाल ,मानस कुमार ने रजत पदक तथा रिद्धिमा पाल, हैरिस और आशी ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया ।बच्चों ने इसका श्रेय माउंट लिट्रा जी स्कूल रुद्रपुर में कार्यरत शारीरिक शिक्षा अध्यापक व मार्शल आर्ट कोच हितेश कुमार को दिया। इस अवसर पर एस.पी. काशीपुर अभय सिंह, पेंचक सिलाट संघ उत्तराखंड के सचिव बबलू दिवाकर एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विजेंद्र चौधरी भी मौजूद रहे।

# हजारों की नगदी सहित सट्टेबाज किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान खाईबाड़ी करते एक सट्टेबाज को हजारों की नगदी, सट्टा पर्ची व अन्य सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में का. मुन्ना सिंह व मो. यासीन रात्रि गश्त कर रहे थे। इसी दौरान रेलवे फाटक इंद्रानगर शनि बाजार रोड़ पर खंडर पड़े रेलवे आवास के पीछे कुछ लोग खड़े दिखाई दिए। पुलिस टीम की देखकर खड़े लोग भागने लगे। टीम ने वहां खाईबाड़ी कर रहे एक व्यक्ति को पकड़ कर उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता मौ. अजीम उर्फ राजा



पुत्र जलील अहमद निवासी दुर्गा मंदिर के पास इन्द्रानगर वार्ड 33, बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से पैन गत्ता, सट्टा पर्ची व नगदी 3050 रुपये बरामद हुई। पुलिस ने अजीम को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# पेज एक का शेष...

**पहाड़ों पर आफत...**प्रदेश में भारी बारिश पर्वतीय क्षेत्रों की सड़कों पर भारी पड़ रही है। बीते 24 घंटे में ही भूस्खलन और स्लिप आने से 240 सड़कें बंद हुई हैं। इनमें से 160 सड़कें एक दिन पहले से बंद थीं, जबकि 80 सड़कें रविवार को बंद हुईं। सोमवार सुबह तक तक 80 सड़कों को खोला जा सका था, जबकि कई सड़कें अभी अवरुद्ध हैं। प्रदेश में भारी बारिश की सबसे अधिक ग्रामीण सड़कों पर पड़ी है। कई गांव जिला मुख्यालय से कट गए हैं। प्रमुख अभियंता लोनिवि दीपक यादव ने बताया कि बारिश के चलते बाधित हुई सड़कों को सुचारु करने के लिए 166 जेसीबी, पोकलेन, चेन डोजर आदि मशीनों को लगाया गया है। बंद सड़कों में 16 स्टेट हाईवे, सात मुख्य जिला मार्ग, चार अन्य जिला मार्ग, 80 ग्रामीण सड़कें और 64 पीएमजीएसवाई की सड़कें शामिल हैं।

**पहाड़ी से गिरे...**घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है वहीं पुलिस महकमे में भी शोक की लहर है।

**मंदिर के पुजारी...**में रहने वाले एक युवक पर शक जताया है। युवती का आरोप है कि वह काफी समय से उसकी गतिविधियों पर नजर रख रहा है। जब भी वह कहीं जाती है तो युवक पीछे-पीछे आता है। युवती ने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की है।

**सीएम ने की लोगों...**में जुटा है। जो भी लोग उत्तराखंड आने का कार्यक्रम बना रहे हैं, मौसम विभाग की ओर से जारी अलर्ट को ध्यान में रखते हुए तय करें। वहीं जब तक कांवड़ यात्रा समाप्त नहीं हो जाती, तब तक प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर रहेगा।

**अनियुत्रित ट्रक....**मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने सुबह ही पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के मुताबिक बादल तीन भाई पंकज व कन्हैया थे। बताया बादल अविवाहित है और ठेली लगाकर घर का भरण-पोषण करता था।

**महिला से बैग...**तलाशी लेने पर उसके पास से एक मोबाईल व पेन ड्राइव हुआ। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि यह मोबाईल व पेन ड्राईव गत दिनों एक महिला से लूटे गये बैग से मिला है जो उसे अंशु रस्तोगी ने दिया था। वह इस समय जेल में है। आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस ने विशाल को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है। सन्नी कन्याल पुत्र सुरेश कुमार ने घटना की रपट दर्ज कराई थी। गत रात्रि एसआई मुकेश मिश्रा साथी पुलिस कर्मियों कांस्टेबल ताजवीर शाही व अजय रावत के साथ गश्त कर रहे थे। लम्बा खेड़ा मोड़ के पास एक युवक संदिग्ध रूप से खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखकर जब उसने वापस लौटने की कोशिश की तो संदेह होने पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता विशाल पुत्र सेवा राम निवासी राजा कालोनी ट्रांजिट कैम्प बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक मोबाईल व पेन ड्राइव हुआ। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि यह मोबाईल व पेन ड्राईव गत दिनों एक महिला से लूटे गये बैग से मिला है जो उसे अंशु रस्तोगी ने दिया था। वह इस समय जेल में है। आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस ने विशाल को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है।

# दिवागम सिंह ने जीता स्वर्ण पदक

जसपुर (उद संवाददाता)। शहर के हीरा गार्डन रिसोर्ट में डिस्ट्रिक्ट ऊधम सिंह नगर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप 2023 का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी विजेंद्र चौधरी एवं एसपी काशीपुर अभय सिंह, पेंचक सिलाट संघ उत्तराखंड के सचिव बबलू दिवाकर द्वारा किया गया। इस दौरान रूद्रपुर आर ए एन पब्लिक स्कूल के दिवागम सिंह ने जूनियर बालक वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर रूद्रपुर का



नाम रोशन किया। पेंचक सिलाट संघ ऊधम सिंह नगर के सचिव मुकेश यादव ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता हेतु प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न खिलाड़ी अभिभावक और खेल प्रेमियों ने दिवागम सिंह को बधाई दी। इस अबसर पर केवल किशन भारती, गुरदीप सिंह, मनोज राजहंस, यतेन्द्र कुमार, विक्रम सिंह, केशव पवार, मुकेश सैनी मौजूद रहे।

# महिला पंजाबी महासभा ने दी काजल बेहड़ को बधाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला पंजाबी महासभा की नगर ईकाई ने थल सेना में लेफ्टिनेंट पद की योग्यता प्राप्त करने वाली काजल बेहड़ को बधाई दी है। पदाधिकारियों ने कहा कि पंजाबी परिवार की बिटिया ने विशेष सफलता प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। साथ ही काजल बेहड़ ने देश की सेवा के लिए हमेशा तत्पर थल सेना में लेफ्टिनेंट पद की योग्यता प्राप्त कर पूरे परिवार का सम्मान बढ़ाया। उसकी इस विशिष्ट सफलता के लिए पंजाबी महिला महासभा रुद्रपुर की अध्यक्षा रेनू अरोरा, महामंत्री उर्वशी गाबा, जिला अध्यक्ष डॉ रचना अरोड़ा ने काजल बेहड़ के घर जाकर उसे सम्मानित कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि बेटियां अपनी कड़ी मेहनत एवं संकल्प से हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। महिला पंजाबी महासभा हमेशा से ही विशेषकर महिलाओं और बेटियों चहुंमुखी विकास के लिए कार्य करती आई है। सभी ने काजल के उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीव्रेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000